## एक नजर में

### अवैध वसूली में निजी अस्पताल संचालक को नोटिस 48 घंटे में देना होगा जवाब

**इंदौर.** आयुष्मान कार्डधारी मरीज से अवैध वसूली करने वाले एक निजी अस्पताल संचालक को सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी ने कड़ी फटकार लगाते हुए 48 घंटे में जवाब देने का नोटिस थमाया है. चेतावनी दी गई है कि यदि जवाब संतोषजनक नहीं हुआ तो अस्पताल बंद करने की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी. सीएमएचओ से मिली जानकारी के अनुसार बंगाली चौराहे स्थित फीनिक्स अस्पताल में भर्ती मरीज ने शिकायत की थी कि उससे आयुष्मान योजना के बावजूद अतिरिक्त राशि वसूली जा रही है. शिकायत पर मौके पर पहुंचे सीएमएचओ ने जांच की तो मामला सही निकला. निरीक्षण के दौरान अस्पताल संचालक द्वारा भर्ती मरीजों की संख्या कम बताई गई, जबकि खुद सीएमएचओ ने 20 से अधिक मरीज भर्ती देखे थे. अस्पताल संचालक का झूठ पकड़ में आने पर उनकी मौके पर ही फटकार लगाई गई थी. मामले में सीएमएचओ डॉ. हसानी ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जिले के सभी आयुष्मान योजना से जुड़े अस्पताल यदि मरीज या परिजन से अतिरिक्त राशि वसूलते पाए गए तो उनके खिलाफ स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई होगी. इतना ही नहीं, गंभीर मामलों में अस्पताल को स्थायी रूप से बंद भी किया जा सकता है.

### पत्रकार से मारपीट करने वाले बदमाश गिरफ्तार



इंदौर. परदेशीपुरा थाना पुलिस ने पत्रकार से अड़ीबाजी और मारपीट करने वाले दो बदमाशों को दबोच लिया है. पुलिस ने आरोपियों से चाकू भी बरामद किया है. गिरफ्तार दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है और उनके खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई प्रस्तावित की गई है. डीसीपी जोन-3 हंसराज सिंह ने बताया कि घटना 12 और 13 अगस्त की दरम्यानी रात करीब 10.30 बजे आदर्श बिजासन नगर में फरियादी सागर चौकसे से बदमाश शुभम चौकसे, कुणाल पंवार और उनके साथियों ने शराब के लिए पैसे मांगे. पैसे देने से इंकार करने पर आरोपियों ने पत्रकार के साथ मारपीट की. मामले में फरियादी की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की थी, जांच के दौरान मुख्य आरोपी शुभम चौकसे और उसके साथी निहाल धुरिया को 13 अगस्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा था. वहीं फरार चल रहे आरोपी कुणाल पंवार और राहुल उर्फ इंजीन को पुलिस ने गुरुवार को पकड़कर जेल भेज दिया. शुभम और कुणाल से पुलिस ने दो चाकू भी जब्त किए हैं.

### गणेश प्रतिमाओं का निर्माण अंतिम चरण में

महू. गणेश उत्सव इस बार 27 अगस्त से शुरू होगा. इसको लेकर शहर में तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं. पूजा समितियां की ओर से पंडाल निर्माण कराया जा रहा है. वहीं, मूर्तिकार मूर्तियां बनाने में व्यस्त हैं. ज्यादातर मूर्तिकारों ने मूर्तियों में ढांचे को पूरी तरह ढाल लिया है. अब रंग चढ़ाने का काम किया जा रहा है. हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 10 दिवसीय चलने वाले गणेश उत्सव को लेकर पूरे शहर में उत्साह है। शहर महू में आकर्षण का केंद्र ड्रीमलैंड स्थित चौराहे पर विराजने वाले महू के राजा रहते हैं. यहां पर भव्य प्रतिमा विराजित कर धूमधाम से गणेश उत्सव मनाया जाता है. महूगांव नगर परिषद स्थित धारनाका क्षेत्र में गणपति की मूर्ति का निर्माण स्थानीय मूर्तिकार कर रहे हैं. मूर्तिकारों ने बताया इस बार 1 फीट से लेकर 21 फीट तक ऊंची गणेश प्रतिमा का निर्माण किया जा रहा है. भगवान गणेश की प्रतिमाएं विभिन्न स्वरूपों में तैयार की जा रही हैं. इंदौर के भी कई आर्डर मिले हैं जिनकी प्रतिमा तैयार की जा रही है. अंतिम चरणों में अब मूर्तियों पर रंग रोगन का काम किया जा रहा है. शहर के प्राचीन सिद्धिविनायक गणेश मंदिर पर भी उत्सव को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है. यहां पर विद्युत साज-सजा से मंदिर को सजाया जा रहा है. मंदिर में 10 दिन गणेश उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है. इसी के अलावा लुनियापुरा स्थित महाराष्ट्रीयन समाज द्वारा भी बड़े पैमाने पर गणेश उत्सव मनाया जाता है.

### युवक का शव नदी की खो में मिला

महू. चार दिन पूर्व अजनार नदी में सेल्फी लेने के दौरान पानी के बहाव में बहने वाले युवक का शव गुरुवार को मिल गया है. मृतक का शव कई किलोमीटर दूर शीतला माता फॉल स्थित नदी की खो में फंसा हुआ मिला. जिसे रेस्क्यू टीम ने निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया. शासकीय भेरूलाल पाटीदार महाविद्यालय के बीए द्वितीय वर्ष के छात्र अभय साहू के शव को पिछले चार दिनों से एसडीआरएफ, पुलिस और स्थानीय गोताखोरों की टीम तलाश रही थी. गुरुवार दोपहर को गोताखोरों ने शव को बरामद किया. शव पूरी तरह से सड़ चुका था. मानपुर थाना प्रभारी लोकेंद्र हीहोर ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए शासकीय अस्पताल ले जाया गया है।पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा. घटना स्थल पर पहुंचे परिजन शव देखकर विलाप कर रहे हैं.

### पूर्वी रिंग रोड के विरोध में किसान पहुंचे दिल्ली

महू. पूर्वी रिंग रोड किसान कल्याण संघ के तत्वाधान में नई दिल्ली में सड़क एवं परिवहन केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर एवं राज्यसभा सांसद डॉक्टर कविता पाटीदार एवं क्षेत्रीय विधायक उषा ठाकुर की उपस्थिति में नई दिल्ली संसद भवन में मुलाकात कर उन्हें पूर्वी रिंग रोड का विरोध कर किसानों की समस्याओं से अवगत कराने एवं इसमें जो क्षेत्रीय प्रभावित किसानों की मुख्य मांगे थी, उन मांगों को लेकर एक ज्ञापन प्रेषित किया गया. इसके लिए पूर्वी रिंग रोड किसान कल्याण संघ के द्वारा पांच सदस्य प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंप कर संघ की मांगे रखी. प्रतिनिधि मंडल में सम्मिलित सदस्य रुपेश बाघ मोडे, सरपंच प्रतिनिधि जितेंद्र पाटीदार, दारा सिंह ठाकुर, सचिन पाटीदार, संतोष पाटीदार, तोताराम बनारसी आदि सदस्य उपस्थित थे.

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मिठाई वितरित की




देपालपुर. नगर के चमन चौराहे पर विपिन वानखेड़े को इंदौर जिला कांग्रेस अध्यक्ष बनने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर मिठाईयां वितरित कर खुशी का इज़हार किया. इस अवसर पर हातोद ब्लॉक अध्यक्ष सुनेरसिंह सोलंकी, रामप्रसाद पंवार, नरेन्द्र मकवाना, जयराम उप सरपंच देवकरण गुर्जर (अध्यक्ष नगर कॉंग्रेस गौतमपुरा) शेरू देसाई, जीतू दरबार, शिवम मौर्य सुरेश यादव, शुभम पटेल, देवीसिंह आंजना, प्रवीण नागर, अनिकेश नागर ओम प्रकाश यादव, दिनेश सोलंकी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे.

### अभद्र टिप्पणी के खिलाफ जयस ने सौंपा ज्ञापन



देपालपुर. कोचिंग संचालक गोपाल प्रजापत द्वारा फेसबुक पर भील समाज को लेकर की गई आपत्तिजनक पोस्ट के विरोध में जयस संगठन ने मोर्चा खोल दिया है. संगठन के अध्यक्ष कृष्णा भाभर एवं उपाध्यक्ष सुनील बरडे के नेतृत्व में जयस कार्यकर्ताओं ने देपालपुर थाना प्रभारी रंजीत सिंह बघेल को ज्ञापन सौंपते हुए संबंधित व्यक्ति पर सख्त कार्रवाई की मांग की. ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि फेसबुक पर जब समाज के खिलाफ अभद्र भाषा में लिखी गई पोस्ट सामने आई, तो पूरे भील समाज में आक्रोश फैल गया. संगठन ने इसे समाज को बांटने की साजिश बताते हुए कहा कि ऐसी पोस्टें भाई को भाई से लड़ाने का कार्य करती हैं, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. जयस पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होगा. उन्होंने प्रशासन से मांग की कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कठोर कदम उठाए जाएं.

## प्रेमी के घर से कूदी युवती, तारों में उलझने से बची जान

- हाथ पैर में आई गंभीर चौंटे, घटना का वीड़ियो आया सामने
- शादी के नाम पर दिया धोखा, जेल भी जा चुका है युवक



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** सेंट्रल कोतवाली क्षेत्र में एक युवती ने अपने प्रेमी के घर की तीसरी मंजिल से छलांग लगाकर जान देने की कोशिश की. हालांकि नीचे लगे तारों में फंस जाने से उसकी जान बच गई, लेकिन हाथ-पैर में गंभीर चोटें आईं. घटना का वीडियो गुरुवार को सामने आया, जिसके बाद मामला चर्चा में आया. मामले में पुलिस ने पीडिता के बयानों के आधार पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की.

खरगोन निवासी युवती बुधवार रात अपने प्रेमी आवेश के घर पहुंची थी, वहां दोनों के बीच विवाद हो गया. युवती का आरोप है कि आवेश ने किसी और से शादी कर उसे धोखा दिया और अक्सर उसके साथ मारपीट भी करता था. इसी बहस के बीच युवती तीसरी मंजिल पर पहुंची और छलांग लगा दी. नीचे गिरने पर आवेश और उसका परिवार घबराकर युवती को पास ही के अर्पण अस्पताल ले गया. वहां उन्होंने मामला दबाने की कोशिश की और इस दौरान आवेश ने युवती के मोबाइल से चैटिंग व अन्य डाटा डिलिट कर दिया. थोड़ी देर बाद आरोपी पक्ष अस्पताल से भाग निकला. इसी बीच सूचना मिलने पर बजरंग दल के कार्यकर्ता अस्पताल पहुंचे और युवती को दूसरे अस्पताल ले गए. डॉक्टरों के अनुसार उसकी हालत फिलहाल खतरे से बाहर है.

### इंस्टाग्राम पर हुई थी दोस्ती

युवती ने पुलिस को बताया कि उसकी आवेश से पहचान इंस्टाग्राम पर हुई थी. चार साल तक उसने रिश्ते का वादा कर संबंध बनाए, लेकिन शादी नहीं की. इस बीच युवती ने धोखा मिलने पर पहले भी एफआईआर दर्ज कराई थी, जिसमें आवेश जेल जा चुका है. बाद में उसने शादी का झांसा देकर समझौते की पेशकश की, लेकिन वादा पूरा नहीं किया. युवती का यह भी आरोप है कि 15 अगस्त को आवेश ने नशा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया था. सेंट्रल कोतवाली पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और पीड़िता के बयान दर्ज करने के बाद आरोपी पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरु की.

## सड़क हादसे में छात्र की मौत, दोस्त घायल

- कनाडिया क्षेत्र में हुआ हादसा

**नव भारत न्यूज**

इंदौर. कनाड़िया थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 10वीं कक्षा के छात्र की मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया. दोनों सुबह जिम से लौट रहे थे, तभी रास्ते में स्कूली वैन ने उन्हें टक्कर मार दी, मामले में पुलिस ने शव को पोस्टमार्ट के लिए भेज जांच शुरु की. हादसा अंबामूलिया क्षेत्र के पास हुआ, मृतक छात्र की पहचान 16 वर्षीय यश पिता शंकर पांचाल निवासी गुलमर्ग कॉलोनी के रूप में हुई है. वह अपने दोस्त वंश के साथ बाइक से घर लौट रहा था. सुबह 8 बजे एक स्कूली वैन ने बाइक को ओवरटेक करते हुए उन्हें टक्कर मार दी. हादसे में यश सड़क पर गिर पड़ा और सिर में गंभीर चोट आने से उसकी मौके पर ही हालत नाजुक हो गई, वहीं वंश को हाथ-पैर में चोटें आई. प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को




बताया कि वैन चालक ने तुरंत घायलों को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान यश की मौत हो गई. वहीं वंश का एक निजी अस्पताल में इलाज किया जा रहा है. परिजनों ने पुलिस को बताया कि यश एक निजी स्कूल में 10वीं कक्षा में पढ़ाई करता था.

## इंस्टाग्राम पर चाकू लहराने वाला बदमाश गिरफ्तार

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. सोशल मीडिया पर दबंगई दिखाने वाले बदमाशों पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है. पुलिस ने इंस्टाग्राम पर चाकू लहराकर वीडियो डालने वाले एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश को गिरफ्तार किया है. आरोपी से धारदार हथियार बरामद कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया कर जांच में लिया है.**

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीम लगातार अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रख रही है. इसी दौरान 21 वर्षीय आरोपी सनद उर्फ सन्नू पिता महेश मंडलोई निवासी असरावद खुर्द का वीडियो सामने आया, जिसमें वह अवैध चाकू लहराकर दबंगई दिखा रहा था. पुलिस ने आरोपी के ठिकाने पर दबिश दी और



उसे धर दबोचा. पूछताछ में आरोपी ने वीडियो अपलोड करने की बात स्वीकार कर ली. पुलिस ने उसके पास से धारदार हथियार भी जब्त कर लिया है. मामले में थाना प्रभारी तेजाजी नगर का कहना है कि आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड पहले से मौजूद है. सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन करने वालों पर कार्रवाई जारी रहेगी.

## डेरे में मासूम की गला रेतकर हत्या, मां पर शक

- खून से लथपथ शव घर के अंदर मिला
- पुलिस कर रही मामले की जांच

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है. पारदी डेरे में डेढ़ माह के मासूम बच्चे की गला रेतकर हत्या कर दी गई. खून से लथपथ उसका शव गुरुवार दोपहर घर के अंदर मिला. घटना के समय घर में बच्चे की मां, डेढ़ साल की बहन और महिला की देवरानी मौजूद थीं. पुलिस को शुरुआती जांच में बच्चे की मां पर ही शक है, मामले में जांच की जा रही है.**

थाना प्रभारी सुशील पटेल ने बताया कि अहिरखेड़ी इलाके में रहने वाले प्रियांश पादरी डेढ़ माह का शव दोपहर करीब दो बजे घर




से मिला. पुलिस को बताया कि उसकी मां नेहा अचानक बाहर भागती हुई आई और कपड़े धो रही देवरानी को आवाज लगाई कि बच्चे को कुछ हो गया है. जब वह अंदर पहुंची तो देखा कि बच्चे का गला कटा हुआ था. इसके बाद परिजनों और आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी. एफएसएल टीम भी मौके पर पहुंची और जांच की. पुलिस के मुताबिक, हत्या का शक बच्चे की मां पर ही है. उसके हाथों पर खून के हल्के धब्बे मिले हैं. परिवार का कहना है कि नेहा की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है और वह पहले भी बच्चे का गला दबाने का प्रयास कर चुकी है. परिजन बताते हैं कि वह अक्सर अजीब हरकतें करती रहती है. घटना के समय घर पर तीन लोग ही थे मां नेहा, उसकी डेढ़ साल की बेटी और देवरानी. पुलिस ने महिला के हाथों से ब्लड सैंपल भी लिए हैं.

### डेढ़ माह पहले हुई थी डिलेवरी

पुलिस को यह भी जानकारी लगी हैं कि नेहा की डिलीवरी करीब डेढ़ माह पहले जम्मू में हुई थी. इसके बाद परिवार उसे लेकर इंदौर आया. मामले में पुलिस बच्चे के पिता सनी पादरी से भी पूछताछ की गई. उसने बताया कि वह सड़कों पर दुकान लगाकर सामान बेचता है और घटना के समय घर पर मौजूद नहीं था. मामले में पुलिस बच्चे की मां से हर एंगल पर पूछताछ कर रही है.

## पति व दूसरी पत्नी ने सुपारी किलर से कराई हत्या

- पुलिस ने खोला अंधे कत्ल का राज,

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. कनाडिया पुलिस ने 28 वर्षीय महिला की गोली मारकर हत्या के अंधे कत्ल का खुलासा करते हुए उसके पति, दूसरी पत्नी और सुपारी किलरों को गिरफ्तार कर लिया है. वारदात को महज चंद रुपयों के लिए अंजाम दिया था. पुलिस ने आरोपियों से दो देसी पिस्टल, जिंदा कारतूस, एक कार, मोटरसाइकिल और पांच मोबाइल जब्त किए हैं.**

जानकारी के अनुसार 14 अगस्त को ग्राम कनाडिया की रहने वाली 28 वर्षीय रानी पति ईश्वर सोनगरा का शव एमवायएच में मिला था. पोस्टमार्टम में सिर में गोली फंसी होने का खुलासा हुआ था. मृतका की बहन लक्ष्मी ने बयान में बताया कि बहन के पति ईश्वर का किसी और महिला तोषिका से संबंध था और उसने दूसरी शादी भी कर



### ऐसे दिया वारदात को अंजाम

ईश्वर और उसकी दूसरी पत्नी तोषिका ने एक माह पहले ही योजना बनाकर शूटरों को सुपारी दी थी. इसी के तहत 13 अगस्त को रानी को गोली मार दी गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. हत्याकांड का पर्दाफाश करने में थाना प्रभारी डॉ. सहर्ष यादव, उपनिरीक्षक दीपक पालिया, उपनिरीक्षक सचिन आर्य, प्रधान आरक्षक शिवकुमार, महेश, आरक्षक मनोज पटेल, जंगजीत जाट, अमित भदौरिया, नीरज जाट, रामभजन गुर्जर, दीपक समेत साइबर सेल के आरक्षक प्रवीण और शशिकांत की टीम ने मिलकर यह सनसनीखेज मामला सुलझाया.

ली थी. इसके बाद से ईश्वर और उसकी दूसरी पत्नी मृतका रानी को लगातार धमकाते और रास्ते से हटाने की योजना बना रहे थे. मामले में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी डॉ. सहर्ष यादव ने टीम गठित की. मोबाइल कॉल



डिटेल, तकनीकी साक्ष्य और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने संदिग्धों की तलाश शुरू की कर घटनास्थल के आसपास लगे कैमरों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने पांच आरोपियों 32 वर्षीय तोषिका सोनगरा निवासी ग्राम कनाडिया, 23 वर्षीय अमन मिमरोट निवासी गणराज नगर, खजराना, 24 वर्षीय मोहम्मद समद निवासी गोसिया मंदिर के सामने खजराना, 34 वर्षीय ईश्वर उर्फ ईंधर सोनगरा निवासी ग्राम कनाडिया तथा 33 वर्षीय मुजफ्फर खान निवासी गांधी ग्राम कॉलोनी, खजराना को गिरफ्तार किया.

## ढाबली में लूट की वारदात का पर्दाफाश

- एक आरोपी व नाबालिग साथी गिरफ्तार

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. लसूड़िया पुलिस ने ढाबली गाँव में फरियादी से चेन, मोबाइल और अंगूठी लूटने वाले बदमाश को उसके नाबालिग साथी सहित गिरफ्तार कर लिया है. आरोपियों के पास से लूटी गई चेन, अंगूठी और मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं, पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है.**

घटना 15 अगस्त की रात करीब 12.30 बजे फरियादी जेविन रॉय निवासी ब्रिटिश पार्क फेस-2, सिंगापुर टाउनशिप, लसूड़िया, अपने घर लौट रहा था. तभी नाले के पास दो बदमाशों ने उसे रोककर धमकाया और मोबाइल, चांदी की चेन व अंगूठी छीन ली. फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में



लिया था. घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों ने आरोपियों की तलाश के निर्देश दिए. इसी दौरान पुलिस की विशेष टीम ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर 21 अगस्त को 20 वर्षीय आरोपी लालू उर्फ गौतम निवासी नर्सरी कॉलोनी, ढाबली, लसूड़िया और उसके 15 वर्षीय नाबालिग साथी को गिरफ्तार कर लिया. मामले में थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी ने बताया कि आरोपियों ने महंगे शौक पूरे करने के लिए लूट की वारदात को अंजाम दिया था. पुलिस आरोपियों से अन्य अपराधों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है.

## मानपुर से लापता दो युवतियां इंदौर से बरामद

### *पुलिस ने काउंसलिंग के बाद परिजनों के सुपुर्द किया*


**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. मानपुर थाना क्षेत्र से लापता हुई दो युवतियों को पुलिस ने इंदौर जिले से सुरक्षित बरामद कर लिया. एक युवती आगे पढ़ाई जारी रखना चाहती थी, जबकि दूसरी ने अपनी मर्जी से शादी कर ली थी. काउंसलिंग के बाद दोनों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया.**

ग्राम उंडवा निवासी शीला पति कांतीलाल चौहान ने 3 जुलाई को सूचना दी थी कि उनकी बेटी प्रैक्टिकल देने के लिए कॉलेज गई थी, लेकिन वापस घर नहीं लौटी. इसी तरह, 30 जुलाई को ग्राम कमदपुर निवासी नरेंद्र पिता भीमसिंह कुशवाह ने शिकायत दी कि उनकी बेटी पेपर देने कॉलेज गई थी और लौटकर नहीं आई. दोनों सूचना के आधार पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की. दोनों मामलों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने लापता युवतियों की तलाश सोशल मीडिया, फोटो प्रसार और रेडियो संदेशों के जरिए शुरू की. जांच के दौरान जानकारी मिली कि दोनों युवतियां इंदौर जिले में हैं. इस पर मानपुर थाना प्रभारी लोकेंद्रसिंह हिहोर के नेतृत्व में टीम बेटमा और एमआईजी थाना क्षेत्रों में रवाना हुई और गुरुवार को दोनों को बरामद कर लिया. पूछताछ में एक युवती ने बताया कि वह आगे पढ़ाई करना चाहती थी, लेकिन परिजन के मना करने से नाराज होकर घर से चली गई. वहीं दूसरी ने कहा कि उसने अपनी मर्जी से शादी कर ली है, लेकिन परिवार इसके खिलाफ था, इसलिए उसने आर्य समाज मंदिर में विवाह कर लिया. मानपुर पुलिस ने दोनों युवतियों की काउंसलिंग कराई और फिर परिजनों के सुपुर्द कर दिया.

**डॉग बाइट** | नगर निगम नहीं कर पा रहा संख्या पर नियंत्रण

## शहर में बढ़ रहे श्वानों के काटने के मामले



**इंदौर. नगर निगम का स्वच्छता अभियान को तो सफल बना दिया हैलेकिन आवारा श्वानों की बढ़ती तादाद आज तक लगाम नहीं लग पाई. साथ ही आवारा श्वानों की काटने मामले अब और भी ज्यादा गंभीर हो चुके हैं.**

आवारा श्वानों का मामला एक बार फिर सुर्खियों में आ चुका है. बात एक क्षेत्र की नहीं है बल्कि पूरे शहरभर के प्रत्येक मध्यवर्गीय एवं मजदूर वर्ग क्षेत्र जिनमें खजराना, आजाद नगर, मूसाखेड़ी, मालवा मिल, परदेसीपुरा, लाल गली क्षेत्र, भागीरथपुरा, लसूडिया मोरी, पालदा, चितावाद, महू नाका क्षेत्र के इंदिरा समाजवादी नगर, बालदा कॉलोनी, बड़ा गणपति में खारचा, गौरी नगर जैसे सैकड़ों कॉलोनियां शामिल है. जहां आवारा श्वानों की तादाद में बड़ा इजाफा देखा गया है. कुछ निगम अधिकारी अपने बचाव के लिए यह कहते हुए दिखाई देते हैं कि घर के आसपास छोटे-बड़े गांव से आवारा श्वानों की टोली शहर भर में आकर फैल चुकी है. उधर, सरकारी लाल अस्पताल के रेबीज़ विभाग के आंकड़ों पर गौर किया जाए तो पिछले कुछ महीनों से आवारा श्वानों के काटने के प्रकरण बढ़े हैं, इसके कारण रेबीज का खतरा भी बढ़ रहा है और इसके मरीजों की संख्या भी बढ़ी है. इन आंकड़ों में बढ़ोतरी होने के बावजूद ऐसे गंभीर मामलों को नजरअंदाज किया जा रहा है.

### इनका कहना है...



फिलहाल नगर निगम स्वच्छता पर ध्यान दे रहा हैं क्योंकि उससे अवार्ड मिलता है. अब आवारा श्वानों पर अंकुश लगाने पर अवार्ड तो नहीं मिल पाएगा ना, जनता की फिक्र नहीं है.

**- राजेश शर्मा**



आवारा श्वानों की तादाद पर कंट्रोल करने के लिए कई सालों से योजना के तहत नसबंदी की जाती हैं लेकिन लगता है इसमें भी विभाग द्वारा बहुत बड़ा भ्रष्टाचार हुआ ही होगा.

**- जावेद खान**



डॉग बाइट की घटनाएं बढ़ रही है. हम स्वच्छता में नंबर वन हैं. शहर के आवारा पशुओं को सही स्थान मिल चुका है फिर इन आवर श्वानों पर काबू क्यों नहीं पा रहे.

**- पंकज कुशवाहा**